# Central University of Haryana

NAAC Accredited ‘A’ Grade University

**Public Relations Office**

**Workshop-cum-lecture series “Shiksha Samiksha” was organised By School of Education**

**News Paper: Dainik Jagran** **Date: 05-10-2021**

# हकेंवि में शिक्षा–समीक्षा कार्यशाला का आयोजन

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़** :हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत शिक्षा पीठ द्वारा शिक्षा-समीक्षा नामक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शैक्षणिक विश्लेषण एवं तकनीकी शिक्षाशास्त्र पर केंद्रित इस कार्यशाला का उद्देश्य बीएड पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों की क्षमता विकास रहा। आनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि कोरोना काल में शिक्षण कार्य को सुचारू रूप से चलाने और विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में इस तरह के आयोजन बेहद उपयोगी हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थी अवश्य ही लाभान्वित होंगे। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल आफिसर व कार्यशाला की संयोजक प्रो. सारिका शर्मा ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत 75 सप्ताह तक होने वाले विभिन्न आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का ज्ञान उपलब्ध कराया जाएगा जो उनके लिए जीवन पर्यंत उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के शिक्षा विभाग की पूर्व प्रोफेसर हेमंत लता शर्मा ने प्रभावी शिक्षण के लिए शैक्षणिक विश्लेषण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया में अवधारणाओं की पहचान, व्यवहार के परिणामों को सूचीबद्ध करना, गतिविधियों और प्रयोगों को सूचीबद्ध करना और मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सूचीबद्ध करने पर भी चर्चा की। कार्यशाला की दूसरी विशेषज्ञ सीआइईटी, एनसीईआरटी, नई दिल्ली की सहायक आचार्य डा. एंजेल रत्नाबाई ने विद्यार्थियों को आनलाइन शिक्षण के उपकरण और तकनीक पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने शिक्षण-अधिगम को समृद्ध करने वाले विभिन्न प्लेटफॉर्म व उपकरणों के बारे में विस्तृत चर्चा की। विशेषज्ञ वक्ता का परिचय शिक्षा पीठ की सहायक आचार्य व कार्यक्रम समन्वयक डा. किरण रानी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पीठ के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।



हकेंवि में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती विशेषज्ञ डा. एंजेल रत्नाबाई • साभार हकेंवि

# Central University of Haryana


NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Panjab Kesari** **Date: 05-10-2021**

पंजाब केसरी TUE,05 OCTOBER 2021
EDITION: REWARI KESARI, PAGE NO. 4

## हकेवि में शिक्षा-समीक्षा कार्यशाला का हुआ आयोजन



*हकेवि में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती विशेषज्ञ डा. एंजेल रत्नाबाई।*

महेंद्रगढ़, 4 अक्तूबर (परमजीत, मोहन) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत शिक्षापीठ द्वारा शिक्षा-समीक्षा नामक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शैक्षणिक विश्लेषण एवं तकनीकी शिक्षाशास्त्र पर केंद्रित इस कार्यशाला का उद्देश्य बी.एड. पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों की क्षमता विकास रहा। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि कोरोना काल में शिक्षण कार्य को सुचारू रूप से चलाने और विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में इस तरह के आयोजन बेहद उपयोगी हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थी अवश्य ही लाभान्वित होंगे।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर व कार्यशाला की संयोजक प्रो. सारिका शर्मा ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत 75 सप्ताह तक होने वाले विभिन्न आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का ज्ञान उपलब्ध करवाया जाएगा जो उनके लिए जीवनपर्यंत उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के शिक्षा विभाग की पूर्व प्रोफेसर हेमंत लता शर्मा ने प्रभावी शिक्षण के लिए शैक्षणिक विश्लेषण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया में अवधारणाओं की पहचान, व्यवहार के परिणामों को सूचीबद्ध करना, गतिविधियों और प्रयोगों को सूचीबद्ध करना व मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सूचीबद्ध करने पर भी चर्चा की। कार्यशाला की दूसरी विशेषज्ञ सी.आई.ई.टी., एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली की सहायक आचार्य डा. एंजेल रत्नाबाई ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण के उपकरण और तकनीक पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने शिक्षण-अधिगम को समृद्ध करने वाले विभिन्न प्लेटफॉर्म व उपकरणों के बारे में विस्तृत चर्चा की। विशेषज्ञ वक्ता का परिचय शिक्षापीठ की सहायक आचार्य व कार्यक्रम समन्वयक डा. किरण रानी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पीठ के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Amar Ujala** **Date: 05-10-2021**

# अध्ययन के लिए कार्यशाला बेहद उपयोगी हैं: प्रो. टंकेश्वर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत शिक्षा पीठ द्वारा शिक्षा-समीक्षा विषय पर सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि कोरोना काल में शिक्षण कार्य को सुचारु रूप से चलाने और विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में कार्यशाला बेहद उपयोगी हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थी अवश्य ही लाभान्वित होंगे। अभियान की नोडल अधिकारी प्रो. सारिका शर्मा ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत 75 सप्ताह तक होने वाले विभिन्न आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का ज्ञान उपलब्ध कराया जाएगा।



हकेंविवि में कार्यशाला को संबोधित करती विशेषज्ञ डॉ. एंजेल रत्नाबाई। संवाद

विशेषज्ञ वक्ता एमडीयू रोहतक के शिक्षा विभाग की पूर्व प्रो. हेमंतलता शर्मा ने शिक्षण प्रक्रिया में अवधारणाओं की पहचान, व्यवहार के परिणामों को सूचीबद्ध करना, गतिविधियों, प्रयोगों को सूचीबद्ध करना, मूल्यांकन प्रक्रियाओं को सूचीबद्ध करने पर भी चर्चा की। सीआईईटी, एनसीईआरटी, नई दिल्ली की सहायक आचार्य डॉ. एंजेल रत्नाबाई ने शिक्षण-अधिगम को समृद्ध करने वाले विभिन्न प्लेटफॉर्म, उपकरणों के बारे में चर्चा की। विशेषज्ञ वक्ता का परिचय शिक्षा पीठ की सहायक आचार्य, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. किरण रानी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पीठ के शिक्षक, विद्यार्थी और शोधार्थी मौजूद रहे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Haribhoomi** **Date: 05-10-2021**

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़
5 Oct 2021

## हकेंवि में शिक्षा-समीक्षा कार्यशाला का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत शिक्षा पीठ की ओर से शिक्षा-समीक्षा नामक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शैक्षणिक विश्लेषण एवं तकनीकी शिक्षाशास्त्र पर केंद्रित इस कार्यशाला का उद्देश्य बीएड पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों की क्षमता विकास रहा। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि कोरोना काल में शिक्षण कार्य को सुचारू रूप से चलाने और विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में इस तरह के आयोजन बेहद उपयोगी हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थी अवश्य ही लाभांवित होंगे।